प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 13.10.2025 (दोपहर–1455 बजे)

****

निर्वाचन आयोग ने घाटशिला उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो गयी है। पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने आज प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर निर्धारित है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अब 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक दोपहर बाद तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है। पहले यह बैठक 16 अक्तूबर को होने वाली थी। जानकारी के अनुसार, कैबिनेट की बैठक में कई अहम निर्णय लिए जाने की संभावना है। नगर निकाय चुनाव, राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते सहित अन्य विभाग के कई प्रस्तावों पर मंजूरी मिल सकती है।

****

रांची के तुपुदाना ओपी स्थित बालसिरिंग के पास कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा गैंग के अपराधियो के साथ पुलिस की आजसुबह मुठभेड़ हुई। इसमें एक अपराधी घायल हुआ है, जबकि मौके से दो अपराधियो को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस नें मुठभेड़ वाले स्थान से तीन हथियार बरामद किए हैं। रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने घटना की पुष्टि की है।

****

दीपावली और छठ महापर्व के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने और अपराध की रोकथाम को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आज एक बैठक बुलायी है। बैठक शाम के चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। बैठक में सभी जोन के आईजी, सभी रेंज डीआईजी और जिलों के एसपी मौजूद रहेंगे।

****

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति के विरोध में स्थानीय विधायक प्रदीप प्रसाद ने आज विरोध प्रदर्शन किया। वे हल बैल के साथ लेपो रोड पहुंच गए और सड़क पर जुताई करनी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि 24 घंटे के अंदर सड़क निर्माण का कार्य शुरु नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज होगा।

इस बीच सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ने कहा कि सड़क पर जलापूर्ति के लिए नगर निगम काम कर रहा है। बहुत जल्द सड़कें दुरुस्त हो जाएंगी।

****

रामगढ़ जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत जागरुकता के कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

****

दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में पायलट ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश होने से रांची के युवक पीयूष पुष्प की मौत हो गई। 20 वर्षीय पीयूष रांची के लाजपत नगर के निवासी और रांची स्थित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के पूर्व शिक्षक टीएन साहू के पुत्र थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल पीयूष को जोहानसबर्ग के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

*******समाप्त********